हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 3 नवंबर 2025

06 परिजनों के साथ समाज ने किया पुलिस प्रशासन के ...



07 धूमधाम के साथ मनाई गई मध्य प्रदेश स्थापना की ...





## शिवराज की मांग पर विदिशा नगर निगम तो भैरुंदा जिला क्यों नहीं? फिर से तेज गूंज उठी जिला बनाने की आवाज़

**सीहोर।** मध्य प्रदेश में प्रशासनिक नक्शे के नए स्वरूप को लेकर राजनीतिक हलकों में हलचल बढ़ गई है। सरकार की कवायद के बीच भैरुंदा (नसरुल्लागंज) को जिला बनाए जाने की मांग एक बार फिर मुखर हो उठी है। लंबे समय से यहां के लोग जिला दर्जे की मांग कर रहे हैं, लेकिन हर बार यह मांग सरकारी फाइलों में दबी रह गई। जनता का कहना है कि अब समय है कि भैरुंदा को उसका हक दिया जाए।

### विकास की दौड़ में पीछे रह गया भैरुंदा

विडंबना यह है कि बुधनी विधानसभा के अंतर्गत आने वाला भैरुंदा, जो मध्य प्रदेश की राजनीति में सबसे प्रभावशाली क्षेत्र माना जाता है, आज भी बुनियादी जरूरतों के लिए तरस रहा है। यह वही क्षेत्र है जहाँ से शिवराज सिंह चौहान राजनीतिक सफ़र की शुरुआत कर देश के केंद्रीय मंत्री बने। लेकिन वर्षों के सतत राजनीतिक प्रभाव के बावजूद भी क्षेत्र का विकास ठहर सा गया है। यहां शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएँ आज भी उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं।

### शिवराज की कर्मभूमि पर सवाल

भैरुंदा को शिवराज सिंह चौहान का गृह एवं कर्मक्षेत्र माना जाता है। उनका योगदान क्षेत्र की सिंचाई, सड़कों और खेती की प्रगति तक सीमित रहा, परंतु शिक्षा और स्वास्थ्य में आज भी पिछड़ापन साफ देखा जा सकता है। जब भी जनता ने बड़े प्रशासनिक दर्जे, जैसे जिला दर्जा या उद्योगिक हब की मांग की, तो इसे अनसुना कर दिया गया। क्षेत्रवासियों को गहरा मलाल है कि जिस ज़मीन ने एक मुख्यमंत्री और अब केंद्रीय मंत्री दिया, उसे प्रशासनिक सम्मान क्यों नहीं मिल सका।

### अधूरे वादे और जनता की पीड़ा

प्रदेश की सत्ता में लंबे समय से प्रतिनिधित्व करने के बावजूद जो वादे भैरुंदा के लिए किए गए, वे शब्दों तक सिमट गए। उद्योग लगाने, मेडिकल कॉलेज खोलने और शिक्षा का हब बनाने की बातें बार-बार गूंजती रहीं, लेकिन नतीजा शून्य रहा। इस उदासीनता के चलते लोगों ने एक समय तो प्रमुख मुद्दों को उठाना भी छोड़ दिया था। उन्हें लगा कि उनकी आवाज़ अब सत्ता के गलियारों तक पहुंच ही नहीं रही।




### अब मोहन सरकार से उम्मीद

अब प्रदेश की बागडोर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हाथों में है। लोगों का विश्वास है कि नई सरकार इस क्षेत्रीय असमानता को मिटाने के लिए कदम उठाएगी। राजेन्द्र शर्मा और लक्ष्मीनारायण शर्मा का कहना है कि सत्ता परिवर्तन से पहले यह उम्मीद जताई जा रही थी कि पंचवर्षीय योजना में भैरुंदा को प्राथमिकता मिलेगी। हालांकि राजनीतिक उलटफेरों ने उस पर विराम लगा दिया, पर उम्मीदें अभी बाकी हैं। केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार होने से संभावना है कि भैरुंदा का नाम आखिरकार प्रशासनिक फेरबदल की सूची में शामिल हो जाएगा।

### शिवराज की क्षेत्रीय ताकत से उठे सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब शिवराज सिंह चौहान की अनुशंसा पर विदिशा को नगर निगम का दर्जा दिया जा सकता है, तो फिर भैरुंदा को जिला क्यों नहीं बनाया जा सकता? विदिशा के नगर निगम बनने से वहां के विकास को पंख मिलेंगे, लेकिन समान रूप से भैरुंदा भी उसी संसदीय क्षेत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है। क्षेत्रवासी कहते हैं हम भी तो उसी जनप्रतिनिधि के अनुयायी हैं, फिर हमारे हक का फैसला कब? इस सवाल के साथ अब भैरुंदा की जनता जिला दर्जे की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रही है। इस संबंध में भैरुंदा निवासी पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मालवीय का कहना है कि यह विषय प्रदेश स्तर का है है। माननीय शिवराज जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के स्तर का विषय है। आगे क्या होता है ये शीर्ष नेतृत्व ही तय करेगा। निश्चित रूप से भैरूंदा को जिला बनाने की मांग चल रही है, लेकिन तब तक प्रदेश स्तर पर परिसीमन नहीं हो जाता, तब तक अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आज

**सीहोर।** लायंस क्लब, सिद्धपुर, सीहोर एवं सेवा सदन, बैरागढ़ के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच एवं निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आज प्रातः 9:30 बजे इंग्लिश पूरा स्थित सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र पर आयोजित किया जाएगा। शिविर में ऑपरेशन पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। केवल मरीज को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, मोबाइल नंबर तथा एक घर के सदस्य को साथ लाना अनिवार्य रहेगा। जांच शिविर के उपरांत चिन्हित मोतियाबिंद पीड़ितों को सेवा सदन के एयरपोर्ट रोड स्थित सर्वसुविधा युक्त नए अस्पताल में ऑपरेशन हेतु संस्था द्वारा बस से ले जाया जाएगा। अस्पताल में भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था भी संस्था द्वारा की जाएगी। ऑपरेशन के पश्चात मरीजों को पुनः सीहोर स्थित सेवा सदन केंद्र पर छोड़ दिया जाएगा।

### धान पंजीयन अब 6 तक कराएं किसान

**सीहोर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए बचे हुए किसानों का पंजीयन अब 6 नवंबर तक हो सकेगा। यह निर्णय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की विशेष पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की किसान-हितैषी सोच का परिणाम है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि इस संबंध में सभी संबंधित जिलों के कलेक्टरों को आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार डिण्डौरी, मण्डला, बालाघाट, सतना, छिंदवाड़ा, शहडोल, अनूपपुर, दमोह, सिवनी, मैहर, उमरिया, जबलपुर, सीधी, अलीराजपुर, बैतूल और पन्ना जिलों में अब शेष किसानों का पंजीयन निर्धारित नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा। प्रदेश के कई जिलों से यह सुझाव प्राप्त हुए थे कि तकनीकी कारणों, समयाभाव या मौसम की बाधाओं के चलते कुछ किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए पंजीयन नहीं करा पाए हैं। कलेक्टरों द्वारा भेजे गए इन प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करते हुए सरकार ने कृषक पंजीयन की अवधि में विस्तार का निर्णय लिया है ताकि कोई भी पात्र किसान सरकारी खरीदी से वंचित न रह जाए। खाद्य संचालनालय द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि, प्रत्येक पंजीयन केन्द्र पर खाद्य, सहकारिता, राजस्व एवं कृषि विभाग के नोडल अधिकारी की उपस्थिति में ही बचे हुए किसानों का पंजीयन किया जाएगा। केन्द्रवार केवल उन शेष कृषकों का ही पंजीयन होगा, जिनके नाम जिला प्रस्ताव में उल्लेखित हैं। किसान पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद ही पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

### करीब 759.5 मीटर लंबे इस ओवरब्रिज से रोजाना पांच हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं

## पांच साल में ही जर्जर हुआ 14 करोड़ का ओवरब्रिज! झांकते सरिए और गड्ढे बने हादसों का खतरा

यह ओवरब्रिज महज़ डेढ़ साल में तैयार होना था, लेकिन इसे बनने में पूरे छह साल लग गए। निर्माण की शुरुआत में ही देरी और बाद में गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कभी विकास का प्रतीक समझा जाने वाला मंडी रेलवे ओवरब्रिज आज हादसों का गढ़ बन गया है। करीब 14 करोड़ की लागत से बना यह पुल महज़ पाँच साल में ही जर्जर हो चुका है। पुल की सतह पर गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिनसे लोहे के सरिए तक बाहर झाँकने लगे हैं। भारी वाहनों के गुजरते ही ब्रिज की हालत और भी दयनीय हो जाती है। आवागमन के दौरान वाहन चालक जान जोखिम में डालकर निकलने को मजबूर हैं।

### छह साल में बना, पाँच साल में टूटा

यह ओवरब्रिज महज़ डेढ़ साल में तैयार होना था, लेकिन इसे बनने में पूरे छह साल लग गए। निर्माण की शुरुआत में ही देरी और बाद में गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे थे। आखिरकार 2020 में कांग्रेस शासनकाल में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने इसका उद्घाटन किया। लेकिन उद्घाटन के कुछ ही महीनों बाद ब्रिज की सतह से सीमेंट और गिट्टी निकलनी शुरू हो गई। बार-बार मरम्मत के बावजूद हालात जस के तस रहे।

### दिनभर दौड़ते हैं पाँच हजार वाहन

करीब 759.5 मीटर लंबे इस ओवरब्रिज से रोजाना पाँच हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं। इतने भारी दबाव के बीच सड़क की मजबूती और गुणवत्ता की परीक्षा तो थी ही, लेकिन जिस तरह पुल में गड्ढे बढ़ते गए, वह लापरवाही की पोल खोलते हैं। रात के समय जब रोशनी कम होती है, तब इन गड्ढों की वजह से दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा परेशानी झेल रहे हैं।

**निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल :** स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण में घटिया सामग्री और कमजोर सीमेंट का उपयोग किया गया था।

यही वजह है कि पाँच साल में पुल की यह हालत हो गई है। गड्ढों से झांकते सरिए बताते हैं कि निर्माण के दौरान मानकों का पालन नहीं हुआ। कई बार संबंधित विभाग से शिकायत की गई, मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया। लोगों का कहना है 14 करोड़ उड़ गए, पर पुल नहीं संभला... अब तो जान पर बन आई है।





### दोपहिया चालकों की बढ़ी मुसीबत

ब्रिज का सर्पिल आकार और जगह-जगह बने गड्ढे दोपहिया चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। तेज रफ्तार में ब्रेक लगाने पर वाहन फिसल जाते हैं, जिससे चोटिल होने के मामले बढ़ रहे हैं। कई जगहों पर गिट्टी और सरिए उभर आए हैं, जो किसी भी वक्त बड़ा हादसा करा सकते हैं। नागरिकों का कहना है कि प्रशासन सिर्फ उद्घाटन और दावे करने तक सीमित है, लेकिन रखरखाव की सुध नहीं ली जाती।



### जिम्मेदारों से जवाबदेही की मांग

अब जब ब्रिज पूरी तरह से टूटने की कगार पर है, तो लोगों में गुस्सा साफ झलकता है। मंडी और श्यामपुर क्षेत्र के निवासी कहते हैं कि अगर जल्द मरम्मत नहीं हुई, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यह ओवरब्रिज सौ से अधिक गाँवों को जोड़ता है, लेकिन प्रशासन की चुप्पी समझ से परे है। जनता अब खुलकर सवाल पूछ रही है कि क्या पाँच साल भी किसी 14 करोड़ के निर्माण की उम्र होती है? सीहोर के लोगों की एक ही गुहार है।

### जिलाध्यक्ष राजीव दूसरी बार राहुल गांधी से लेंगे टिप्स, पहुंचे पचमढ़ी



**सीहोर।** आगामी चुनावों की तैयारियों के बीच सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती 2 नवंबर से हिल स्टेशन पचमढ़ी में आयोजित होने वाले प्रदेश कांग्रेस के विशेष प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। यह पाठशाला' 11 नवंबर तक चलेगी, जिसमें श्री गुजराती सहित प्रदेशभर के 71 जिलाध्यक्ष संगठन की मजबूती के गुर सीखेंगे। प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने से पहले जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं व्यक्त की। उन्होंने लिखा पहली बार 10 दिन के लिए शहर और घर छोड़ रहा हूं, यह एक नया अनुभव है। जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के लिए यह प्रशिक्षण इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें राष्ट्रीय नेतृत्व सीधे तौर पर शामिल होगा। प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे भी एक दिन के लिए पचमढ़ी पहुंचेंगे। बता दें राजीव गुजराती दूसरी बार राहुल गांधी से टिप्स लेंगे, इससे पहले वह दिल्ली में आयोजित शिविर में भी राहुल गांधी से टिप्स ले चुके हैं। पचमढ़ी में आयोजित शिविर में राहुल गांधी न केवल जिलाध्यक्षों को संबोधित करेंगे, बल्कि राजीव गुजराती सहित सभी जिलाध्यक्षों के साथ वन टू वन चर्चा भी करेंगे।

## पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल बने कांग्रेस की 'एसआईआर' मॉनिटरिंग टीम का हिस्सा



**सीहोर।** आगामी चुनावों के मद्देनजर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए जिले को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम की प्रभावी मॉनिटरिंग और समन्वय के लिए एक आठ सदस्यीय समिति का गठन किया है, जिसमें इछावर विधानसभा से पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल को शामिल किया गया है।

वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा की अध्यक्षता वाली इस समिति में शैलेन्द्र पटेल के अलावा संजय कामले, राजीव सिंह, जेपी धनोपिया, गोरगी बैरागी, रितेश जैन और ललित सेन जैसे नेता शामिल हैं। पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल ने बताया कि उन्हें पूरे प्रदेश में इस महत्वपूर्ण मतदाता पुनरीक्षण टीम में शामिल किया गया है।

### सीहोर जिला कांग्रेस गंभीर, हुई कार्यशाला

प्रदेश स्तर पर मिली जिम्मेदारी के साथ ही सीहोर जिला कांग्रेस भी इस अभियान को लेकर गंभीर है। बीते दिनों डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर धर्मशाला में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने की, जबकि पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल और जिले की प्रभारी जयश्री हरि करण विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थीं। कार्यशाला में प्रदेश प्रभारी ललित सेन ने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची शुद्धिकरण की गहन प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने जानकारी दी कि पुनरीक्षण प्रक्रिया 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगी और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी को होगा।

### नाम कटने का खतरा, फॉर्म भरना अनिवार्य

इधर निर्वाचन आयोग ने भी सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे 4 नवंबर से शुरू होने वाली इस प्रक्रिया में अनिवार्य रूप से सहयोग करें। आयोग ने साफ किया है कि बीएलओ द्वारा उपलब्ध करवाया गया परिगणना फॉर्म भरकर निश्चित समय में जमा नहीं करवाने की स्थिति में मतदाता का नाम सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। यह अभियान मृत, स्थानांतरित, डुप्लीकेट और फर्जी मतदाताओं के नाम हटाने के साथ-साथ त्रुटिरहित सूची बनाने पर केंद्रित है। फॉर्म जमा करते समय मतदाताओं को 11 दस्तावेजों की सूची में से कोई भी एक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा।

### टीम ने प्रारंभ में 100 दिनों के लिए यह रसोई शुरू करने का लक्ष्य रखा था

## 365 दिवसीय 'सुकून की रसोई' के समापन पर पं. प्रदीप मिश्रा और हंसदास महाराज हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सेवा, समर्पण और मानवीयता की भावना का प्रतीक बन चुकी युवाओं की टीम 'संडे का सुकून' ने जिला अस्पताल में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। टीम द्वारा मरीजों के परिजनों के लिए संचालित 'सुकून की रसोई' का 365 दिवसीय संकल्प रविवार को पूर्ण हो गया। इस रसोई ने लगातार एक वर्ष तक प्रतिदिन जरूरतमंदों को निःशुल्क और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर समाजसेवा की अनूठी मिसाल कायम की है।

करीब एक वर्ष पहले युवाओं की इस समर्पित टीम ने प्रारंभ में 100 दिनों के लिए यह रसोई शुरू करने का लक्ष्य रखा था। मरीजों के परिजनों को मिली बड़ी राहत और टीम सदस्यों के जबरदस्त उत्साह के कारणए इस अवधि को पहले 200 दिन और अंततः पूरे 365 दिनों तक विस्तारित कर दिया गया। इस दौरान यह सेवा बिना किसी रुकावट के अनवरत जारी रही।




**समापन समारोह में संत हुए शामिल:** 365 दिवसीय लक्ष्य के गौरवशाली समापन पर आयोजित समारोह में कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा और हंसदास जी महाराज विशेष रूप से शामिल हुए, जिन्होंने टीम के इस पुनीत कार्य की सराहना की और सदस्यों का उत्साह बढ़ाया।

समापन दिवस पर 'सुकून की रसोई' के भोजन का आयोजन रमेश गोगिया परिवार की ओर से किया गया।

### शहरवासियों के सहयोग से मिली सफलता

इस सेवा यात्रा की सफलता में शहरवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अनेक नागरिकों ने अपने परिजनों के जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ या पुण्यतिथि जैसे विशेष अवसरों पर भोजन प्रायोजित कर इस रसोई के संचालन में सहयोग किया। इसी सामूहिक सहयोग की भावना से 'सुकून की रसोई' पूरे वर्ष जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाती रही।

### अल्प विराम के बाद फिर शुरू होगा कारवां

लगभग 40 युवाओं की यह समर्पित टीम, जिसमें व्यवसायी और नौकरीपेशा सदस्य शामिल हैं ने 365 दिवसीय लक्ष्य पूर्ण होने के बाद कुछ समय का अल्प विराम लेने का निर्णय लिया है। टीम के सदस्यों ने बताया कि इस अल्प विराम के उपरांत, सेवा का यह सुकून भरा कारवां नए जोश और ऊर्जा के साथ फिर से शुरू किया जाएगा, ताकि जरूरतमंदों की मदद का सिलसिला निरंतर जारी रह सके।

### कोलार डेम फुल, किसानों को सिंचाई के लिए मिलेंगे 3 पानी

**सीहोर।** अच्छी बारिश से कोलार डेम पूरी तरह भर गया है। डेम में अब 265 एमसीएम पानी उपयोग योग्य है। विभाग ने किसानों को पलेवा के साथ सिंचाई के लिए तीन पानी देने की बात कही है। नहरों में पानी कब छोड़ा जाएगा, इसका फैसला 3 नवंबर को जिला स्तर की बैठक में कलेक्टर करेंगे। माना जा रहा है कि नहरों में पानी 15 नवंबर से छोड़ा जा सकता है। कोलार डेम के एसडीओ विजय भार्गव ने बताया कि डेम की कुल क्षमता 270 एमसीएम है।

खबर संक्षेप



## टोल टैक्स निशुल्क करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी आयोजित होने वाले विश्व स्तरीय आलमी तबलीगी इज्तिमा को लेकर आज़म लाला मित्रमण्डली ने टोल प्रबंधक दिनेश पाटिल को ज्ञापन सौंपा। आज़मलाला ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि आगामी दिनांक 14 से 17 नवम्बर 2025 तक भोपाल में विश्व स्तरीय आलमी तबलीगी इज्तिमा का भव्य और शांतिपूर्ण आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें देश-विदेश से बड़ी तादाद में लोग शिरकत करने के लिए पहुँचते है। इज्तिमा के दौरान आने-जाने वाले मुसाफिरों की संख्या बहुत अधिक रहती है, जिससे यातायात पर दबाव बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में यदि इस अवधि के दौरान टोल गेट को निःशुल्क (टोल फ्री) रखा जाए, तो लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और ट्रैफिक व्यवस्था भी सुचारु रहेगी। पिछले वर्षों में भी इसी मौके पर टोल गेट को अस्थायी रूप से निःशुल्क किया जाता रहा है, जिससे जनता और प्रशासन दोनों को सुविधा हुई थी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से आज़म लाला, जमसेद पहलवान, शेरू भाई, दानिश खान, जुनेद खान, आसिफ भाई, नासिर खान, अकील शाह, हाजि जूनेद, माजिद खान, अमन लाला, फाजिल खान सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने वर-वधू को बधाई दी



**सीहोर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती सेवादल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेंद्र खंगराले. ने इछावर रोड स्थित काकड़ खेड़ा माताजी के मंदिर पर देवउठनी ग्यारस के पावन पर पर अनेको शादी के पवित्र जोड़े बंधन में बंधे जोड़ों को मंदिर व निवास स्थान पर जाकर राजीव गुजराती एवं नरेंद्र खंगराले ने बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामनाएं की। इस अवसर पर सुदेश नगर स्थित पूर्व सरपंच नंदकिशोर मालवीय पूर्व सरपंच फूलमोगरा के सुपुत्र दीपक मालवीय की शादी पर घर जाकर बधाई दी। इस अवसर पर सेवादल कांग्रेस के कार्यकर्ता दीपक सोनकर सहित अनेकों महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आज होगी

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार 3 नवंबर को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में वर्ष 2025-26 में जलाशयों में उपलब्ध जल भंडारण क्षमता पर चर्चा की जाएगी तथा वर्ष 2024-25 में हुई वास्तविक सिंचाई उपलब्धि, वर्ष 2025-26 के रबी फसल के सिंचाई लक्ष्यों का निर्धारण किया जाएगा।

### वाहनों की रफ्तार थमी जाम में फंसे सैकड़ों वाहन, लोग होते रहे देर तक परेशान

# परिजनों के साथ समाज ने किया पुलिस प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन और चक्काजाम

24 अक्टूबर को भैरूंदा के भादाकुई गांव से यदुवंशी समाज की नाबालिग लड़की घर से लापता है। 25 अक्टूबर को लड़की के परिजनों ने थाने में पहुंचकर गांव के लड़के के खिलाफ मामला दर्ज करने आवेदन पत्र दिया था। थाना भैरूंदा पुलिस ने 24 घंटों के बाद मामला दर्ज किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा





तहसील के गांव भादाकई की नाबालिग लड़की को लापता हुए एक सप्ताह से अधिक समय बीत गए। इस मामले को लेकर परिजनों के साथ यदुवंशी समाज के लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी ओर धरना प्रदर्शन किया। नगर में रविवार को कृषि ऊपज मण्डी से लेकर थाना गेट तक रैली निकाल पुलिस प्रशासन के खिलाफ़ विरोध प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने थाने के सामने ही भोपाल इन्दौर मार्ग पर जमीन पर बैठकर चक्काजाम व धरना प्रदर्शन किया।

चक्काजाम से इन्दौर भोपाल मुख्य मार्ग पर वाहनों की रफ्तार थम गई। जाम में फंसे सैकड़ों वाहनों और लोगों को इंतजार करना पड़ा। यातायात प्रभावित रही, यात्री बसों को घंटों भी जाम में फंसे इंतराज करना पड़ा। बसे समय पर यात्रियों को नहीं पहुंचा पाई। इंदौर भोपाल जाने वाली बसे जाम में फंसी रही तो यात्रियों को भी परेशानी होती रही।

**लड़की को लापता हुए एक सप्ताह से ज्यादा, पुलिस की पकड़ से दूर आरोपी :** यदुवंशी समाज के जिलाध्यक्ष रामकृष्ण यादव ने कहा पुलिस प्रशासन की नाकामी के विरोध में धरना प्रदर्शन व चक्काजाम किया। 24 अक्टूबर को भैरुंदा के भादाकुई गांव से यदुवंशी समाज की नाबालिग लड़की घर से लापता है। 25 अक्टूबर को लड़की के परिजनों ने थाने में पहुंचकर गांव के लड़के के खिलाफ मामला दर्ज करने आवेदन पत्र दिया गया था। थाना भैरूंदा पुलिस ने 24 घंटों के बाद मामला दर्ज किया गया। एक सप्ताह से से अधिक समय बीत गया।

पुलिस को अभी तक लड़की का कोई सुराग तक नहीं मिला। इससे पहले भी 30अक्टूबर को भैरुंदा एसडीओपी रोशन कुमार जैन व तहसीलदार सौरभ शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया था। और थाने के सामने बैठ कर धरना प्रदर्शन किया गया था। एसडीओपी व थाना प्रभारी ने परिजनों व सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों को आश्वसान दिया था। जल्द ही लड़की की तलाश कर परजिनों को सौंप दिया जाएगा। एक सप्ताह से ऊपर हो गया है। पुलिस प्रशासन अभी तक लड़की का कोई सुराग नहीं लगा पाई। इसी को लेकर रविवार को कृषि ऊपज मण्डी में एकत्रित होकर सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या लोगों ने रैली निकाल कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए। थाने के सामने सड़क को चक्काजाम कर धरना प्रदर्शन किया गया।

### आरोपी के घर पर चले बुलडोजर, एसपी आकर करें चर्चा मांग पर अड़े रहे

यदुवंशी समाज के जिलाध्यक्ष ने बताया हमारी प्रशासन से दो मांगे हैं। दो मांगों में से एक मांग पूरी कर दे। पहली मांग लड़की को भागकर ले जाने वाले आरोपी के घर बुलडोजर की कार्रवाई हो या जिला पुलिस प्रशासन एसपी आए हमसे चर्चा करे, आश्वस्त करें कितने दिनों में लापता लड़की की तालाश पूरी कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा। ये अधिकारी पुलिस प्रशासन की निगरानी उपस्थित में हुआ।

### एसडीओपी व थाना प्रभारी की समझाइश पर भी नहीं माने अपनी मांगों पर डटे रहे

इधर सड़क मार्ग पर चक्काजाम पर बैठे परिजनों व सामाजिक लोगों से एसडीओपी रोशन कुमार जैन व थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने आश्वस्त करते हुए कहा दो से तीन दिनों में लड़की की तलाश कर ली जाएगी। हमारी पुलिस की टीम लगातार लड़की की तालाश में जुटी हुई है। लेकिन परिजन व समाज के लोग अपनी मांग पर आड़े रहे। खबर लिखे जाने तक सड़क मार्ग पर चक्काजाम व धरना प्रदर्शन जारी हैं।

धरना प्रदर्शन व चक्काजाम तहसीलदार सौरभ शर्मा, एसडीओपी रोशन कुमार जैन, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी, रेहटी थाना प्रभारी राजेश कहारे, सहित तीन थानों की पुलिसकर्मी तैनात रहे।

## अजाक्स की संभागीय बैठक 23 को विशाल साधारण सभा भोपाल में

**सीहोर।** रविवार को मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ की राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के हितों के सरंक्षण के लिये 23 नवम्बर 2025 को ऐतिहासिक साधारण सम्मेलन का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है ।

राज्य स्तरीय बैठक में मुख्य अतिथि संतोष वर्मा आई. ए. एस. मध्यप्रदेश शासन व कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष अजाक्स तथा अध्यक्षता इंजी. एस. एल. सूर्यवंशी महासचिव अजाक्स ने की । सभा को अन्य जिलों से आये जिला अध्यक्षों ने संबोधित किया



।महिला विंग अध्यक्ष निर्मला पाटिल, भोपाल संभागीय अध्यक्ष बंशीलाल धनवाल , संभागीय उपाध्यक्ष रविंद्र बांगरे ,सीहोर कार्यवाहक अध्यक्ष बाबूलाल मालवीय , एच. एस. निमजे , सुंदर लाल हिंडोलिया , एन. पी. नागेश , कमल सिंह मालवीय ने राज्य स्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने हेतु विचार प्रस्तुत किये ।

## शहर के काम में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे करोड़ों के काम करेंगे : विधायक राय

**सीहोर।** रविवार को विधायक सुदेश राय के मुख्य अतिथिय में वैशाली नगर से चाणक्यपुरी तक सीसी सड़क निर्माण कार्य शुभारंभ को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर भी सम्मिलित रहे। अतिथियों का वार्ड पार्षद और पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सीताराम यादव और नागरिकों के द्वारा पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि वैशाली नगर से चाणक्यपुरी तक पंद्रह सौ मीटर की सीसी सड़क बनाई जाएगी। सड़क बनने से नर्वदेश्वर शिव मंदिर और गोधन सरकार मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशानियों से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि शहर विकास कार्यों को लेकर पैसे की कोई भी कमी नहीं है शहर के सभी वार्डों में निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं शहर के विकास कार्यों में कोई भी कसर नहीं छोड़ेंगे अधिक से अधिक निर्माण कार्य करेंगे और नागरिकों की हर समस्या परेशानियां का समाधान भी कराएंगे। उन्होंने कहा कि आपके वार्ड पार्षद सीताराम यादव नागरिकों के हित में लगातार सक्रिय बने हुए हैं यही कारण है कि आपको 1500 मीटर लंबी सड़क की



सौगात मिली है। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने भी संबोधित किया उन्होंने कहा कि शहर स्वच्छता में नंबर वन हो गया है और अब नागरिकों के हित में किए जाने वाले निर्माण कार्यों में भी नंबर वन होने जा रहा है। अतिथियों के द्वारा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर नौ में सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए नागरिकों के माध्यम से भूमि पूजन संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुरेश सोलंकी एलएन विक्रम यादव विष्णु यादव सहित बड़ी संख्या में वैशाली नगर और चाणक्यपुरी के नागरिक उपस्थित रहे।

## 'हनुमान' विक्रम मस्ताल करेंगे नर्मदा परिक्रमा ओंकारेश्वर से होगी यात्रा की शुरुआत

**सीहोर।** प्रसिद्ध धारावाहिक रामायण पार्ट-2 में हनुमानजी की भूमिका सहित कई अन्य धारावाहिक, फिल्मों में अभिनय निभाकर, फिर राजनीति में आकर लोकप्रिय हुए कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा हनुमानजी अब नर्मदा परिक्रमा पर जा रहे हैं। वे 3 नवंबर को प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर से अपनी पदयात्रा की शुरूआत करेंगे। 3300 किलोमीटर की यह पदयात्रा वे करीब 100 दिनों में पूरी करेंगे। उनके साथ में कई अन्य लोग भी सहयात्री बनेंगे। नर्मदा पदयात्रा से पहले वे ओंकारेश्वर में पूजा अर्चना करेंगे। 'सीहोर हलचल' से बात करते हुए विक्रम मस्ताल शर्मा ₹हनुमानजी₹ ने बताया कि यह यात्रा पूरी तरह धार्मिक है, लेकिन इसके साथ एक गहरा व्यक्तिगत और भावनात्मक जुड़ाव भी है। उन्होंने बताया कि नर्मदा तट कपिल मुनि, आदि शंकराचार्य, भगवान श्रीराम और कृष्ण का वास स्थान रहा है और मां नर्मदा शिव की पुत्री हैं।



### नर्मदा सेवा सेना के प्रदेश संयोजक हैं विक्रम मस्ताल शर्मा

कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा, जो कमलनाथ द्वारा गठित 'नर्मदा सेवा सेना' के संयोजक भी हैं। उन्होंने बताया कि इस पदयात्रा का उद्देश्य इस संगठन का और विस्तार करना है, ताकि नर्मदा जी के महत्व और सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। गौरतलब है कि विक्रम मस्ताल शर्मा ने 2023 के विधानसभा चुनाव में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने चुनाव लड़ा था और अपने पहले चुनाव में ही दिग्गज नेता के सामने 50 हजार से अधिक वोट प्राप्त किए थे। अब 10 लोगों के दल के साथ उनकी यह 3300 किमी की यात्रा 3 नवंबर से शुरू हो रही है।

### स्वर्गवासी 'माता-पिता' भी चलेंगे साथ

विक्रम मस्ताल शर्मा ने परिक्रमा के निजी पहलू को साझा करते हुए कहा कि मेरे स्वर्गवासी माता-पिता दोनों की अस्थियां भी नर्मदा नदी में विसर्जित की गई थीं। मुझे ऐसा महसूस हो रहा है कि इस परिक्रमा के दौरान मुझे उनके दर्शन होंगे और प्रणाम करने का अवसर मिलेगा। मुझे प्रतीत हो रहा है कि नर्मदा जी की इस पदयात्रा में मेरे माता-पिता भी मेरे साथ चलेंगे।

**जीवनदायिनी नर्मदा के लिए संघर्ष :** अपनी इस यात्रा के धार्मिक उद्देश्य के साथ-साथ मस्ताल ने पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य को भी प्रमुख बताया। उन्होंने कहा कि नर्मदा जी मध्य प्रदेश की 'लाइफलाइन' हैं, लेकिन बड़े शहरों की प्यास बुझाने वाली यह नदी अब कंपनियों के दूषित पानी के कारण प्रदूषित हो रही है।

### वर्धमान फैब्रिक्स में चोरों ने धाबा बोला

**बुधनी।** वर्धमान फैब्रिक्स ऑफिसर कॉलोनी में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। बीती रात अज्ञात चोरों ने कॉलोनी के ब्लॉक ई, डीऔर सी में स्थित पांच मकानों के ताले तोड़ दिए। दिवाली और छठ पर्व की छुट्टियों पर अधिकारी घर से बाहर थे, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। वर्धमान प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद एसडीओपी रवि शर्मा, थाना प्रभारी डीएसपी चैनसिंह रघुवंशी और एफएसएल व डॉग स्क्वॉड टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।स्थानीय सूत्रों के अनुसार लाखों रुपये के सामान की चोरी की आशंका है। घटना के बाद वर्धमान प्रबंधन ने पत्रकारों को कॉलोनी में प्रवेश की अनुमति नहीं दी। हाई प्रोफाइल क्षेत्र में हुई इस चोरी से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

## श्री राम चरित मानस चौपाई गायन प्रतियोगिता संपन्न

**रेहटी।** नगर रेहटी के औषधि प्रसंस्करण केंद्र के सभागार मे पूज्य संत श्री रमणा नन्द क़्री अनुकम्पा से जय माँ नर्मदा सेवा समिति द्वाराश्री रामचरित मानस चोपाई गायन प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में वैध प्रेम नारायण शर्मा मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित हुए। प्रतियोगिता मे सभी विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने भाग लिया और राम चरित मानस क़्री चौपाई को लय एवं ताल मे सुन्दर ढंग से गाकर सुनाया। इस प्रतियोगिता मे प्रथम पुरुस्कार महक चौहान द्वितीय पुरुस्कार प्रियांशी सेन व तृतीय पुरुस्कार संयुक्त रूप से हार्दिक नामदेव व निवेद सेन ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता मे निर्णायक क़्री भूमिका अशोक गुप्ता रहे। अजब सिंह यादव एवं जीतेन्द्र चंद्रवंशी क़्री सहभागिता रही।



### ग्रापं बैरागढ़ खुमान में सांसद खेल महोत्सव के तहत कार्यक्रम आयोजित

# जिले में निरंतर संचालित की जा रही सांसद खेल महोत्सव की विभिन्न गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले की ग्राम पंचायत बैरागढ़ खुमान में सांसद खेल महोत्सव के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने फोन पर बच्चों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व के बारे में बताया तथा सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों को खेलों के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना का विकास करते हैं। इस अवसर पर खेल गतिविधियों के सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में सांसद खेल महोत्सव के तहत निर्धारित कैलेंडर अनुसार अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम में अजय सिंह ठाकुर, प्राचार्य केके शर्मा, राजकुमार मीणा सहित खिलाड़ी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।




## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित पुस्तक द फाउंडेशन ऑफ ग्रोथ, स्वाइल साइंस का हुआ विमोचन

**सीहोर।** महामहिम राज्यपाल महोदय, मध्य प्रदेश शासन एवं कुलाधिपति राज माता विजया राजे सिंधिया कृषि विश्व विद्यालय के कुलाधिपति श्री मांगूबाई पटेल, कृषि मंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं माननीय कुलपति राजमाता विजया राजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर मध्य प्रदेश और जिलाधीश व जिला पुलिस अधीक्षक एवं वैज्ञानिक समूह छात्र छात्राएं और प्रदेश से आए सभी प्रतिष्ठित जनों की उपस्थिति में राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान प्रोजेक्ट में पदस्थ प्रधान कृषि वैज्ञानिक मृदा विज्ञान और डॉ. निमिषा जैन तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं हेड कृषि महाकौशल विश्व विद्यालय जबलपुर मप्र की हाल ही में अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित पुस्तक द फाउंडेशन ऑफ ग्रोथ, स्वाइल साइंस का विमोचन किया और उनकी उपलब्धियों के लिए बधाईयां दी और डॉ. आर.सी जैन और निमिषा जैन तिवारी के उज्वल भविष्य की कामना की और प्रशंसा की। उपस्थित प्रतिष्ठितजनों ने भी डॉ. जैन और डॉ. निमिषा जैन तिवारी को बधाईयां और मंगल शुभ कामनाएं प्रेषित की है।



### घायल महिला ने दो दिन पूर्व की थी थाने में शिकायत, पड़िया गांव का मामला

# थाने में पड़ी रही शिकायत, उधर देवरानी-जेठानी पर कर दिया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कोतवाली थानाक्षेत्रान्तर्गत आ रहे ग्राम पड़िया में जमीनी विवाद के चलते आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और उनकी जेठानी पर उनके ही रिश्तेदारों ने हमला कर दिया। हमले में देवरानी-जेठानी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। इस घटना में कोतवाली पुलिस पर भी लापरवाही बरते जाने के आरोप लगे हैं। दरअसल, जिन दोनों महिलाओं पर हमला हुआ उन्होंने 29 अक्टूबर को ही थाने में लिखित शिकायत करते हुए अनहोनी की आशंका व्यक्त की थी लेकिन पुलिस ने उस आवेदन पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की।





### क्या है पूरा मामला

पड़िया गांव निवासी पप्पीबाई पत्नी पर्वत सिंह तंवर ने 29 अक्टूबर को कोतवाली थाने में लिखित शिकायत की थी कि उनके ही रिश्तदारों से उनका जमीनी विवाद चल रहा है और वे लगातार गाली-गलौच करते हुए मारपीट पर आमादा हैं। आवेदन के 2 दिन बाद 31 अक्टूबर को जब पप्पीबाई और उनकी जेठानी देवकीबाई पत्नी राधेश्याम तंवर राजगढ़ से अपने गांव लौट रही थीं तभी पवन पिता मांगीलाल तंवर, मांगीलाल तंवर, देवसिंह पिता रायसिंह तंवर और सुगनबाई पत्नी रायसिंह तंवर ने उन पर लट्ठ, कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में दोनों महिलाएं बुरी तरह घायल हो गईं। बाद में परिजनों द्वारा दोनों घायल महिलाओं को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### दो-तीन बार कर चुकी थीं शिकायत

अस्पताल में इलाजरत पप्पीबाई ने बताया कि पहले उन्होंने 29 अक्टूबर को थाने में लिखित आवेदन देकर अपनी शिकायत दर्ज करवाई थी। उसके उपरान्त घटना दिनांक 31 अक्टूबर की शाम को भी उन्होंने कोतवाली में शिकायत दर्ज करवाई और घर लौट रही थीं तभी उन पर हमला कर दिया गया। अगर पुलिस उनकी शिकायत को गंभीरता से लेकर पहले ही कार्यवाही कर लेती तो संभवतः घटना होने से बच जाती।

### पहली बार नहीं हुआ है ऐसा

उल्लेखनीय है कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब आवेदकों की शिकायतें थाने में लंबित पड़ी रही हों और उन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। पूर्व में भी अनेकों बार ऐसे मामले सामने आ चुके हैं जिनमें पुलिस विभाग शिकायतकर्ताओं से आवेदन लेकर अपने पास लेकर रख लेता है, लेकिन उन पर बाद में कोई कार्यवाही नजर नहीं आती।

### इनका कहना है...

*महिला ने जब पहले दिन शिकायत की थी तभी मैने एक हेड कांस्टेबल को पाबंद कर गांव भेजा था, जहां अभियुक्तों में एक व्यक्ति मिला। पहली शिकायत में महिला ने अभियुक्तों के नाम कुछ अलग लिखवाए और दूसरी शिकायत में अन्य व्यक्तियों के नाम लिखवाए। घटना के बाद हमने नियमानुसार सुसंगत धाराओं में आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर 1 को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं अन्य की तलाश जारी है।*

*अखिलेश वर्मा*
*थाना प्रभारी, कोतवाली राजगढ़*

### मप्र गान और जय मध्यप्रदेश के नारों से गूंजा परिसर

# धूमधाम के साथ मनाई गई मध्य प्रदेश स्थापना की 70वीं वर्षगांठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मप्र राज्य स्थापना की 70वीं वर्षगांठ जिले भर में धूमधाम एवं विभिन्न आयोजनों के साथ मनाई गई। मुख्य आयोजन मुख्यालय के उत्कृष्ट ग्राउंड पर आयोजित किया गया। यहां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यमंत्री पंवार ने कहा कि आज का दिन अत्यंत शुभ है, जब हम मध्यप्रदेश के गठन दिवस के अवसर पर अपने प्रदेश के गौरव और सम्मान के लिए एकत्र हुए हैं।

राज्यमंत्री पंवार ने मध्यप्रदेश के गठन की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य का भौगोलिक मानचित्र भगवान नंदी के समान दिखाई देता है, जो हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कभी यह धरती बंजर और जलस्त्रोतों से वंचित थी, लेकिन अब मध्यप्रदेश में लगभग 50 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित हो रही है, जिसे 2028 तक बढ़ाकर 100 लाख हैक्टेयर भूमि सिंचित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी हुई प्रस्तुतियां

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मालवी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय संस्कृति के महत्व को सुंदर रूप से दर्शाया गया, जिससे पूरा सभागार तालियों की गूंज से भर उठा।

### स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की हुई सराहना

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित स्व-सहायता समूह में विश्वास महिला संकुल स्तरीय संगठन खिलचीपुर व बालाजी महिला स्व-सहायता समूह तथा स्वच्छ स्व-सहायता समूह द्वारा हस्तशिल्प निर्मित उत्पाद एवं स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी बाजार के स्व-सहायता समूहों द्वारा विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाए गए। स्टॉलों के उत्पादों की अतिथियों सहित उपस्थितजनों द्वारा सराहना की गई।



### सेवानिवृत्त हुए रमेशचंद्र का विदाई समारोह आयोजित

**जीरापुर।** नगर परिषद में कार्यरत लेखापाल रमेशचंद्र नाथ की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। नगर परिषद सभागार में विदाई दिनांक 31 अक्टूबर को हुई। उल्लेखनीय है कि रमेशचंद्र नाथ ने नगरीय निकाय जीरापुर में पेतींस वर्ष तथा लगभग 5 वर्ष छापीहेड़ा में ऐसे लगभग 40 वर्ष 4 माह 21 दिन अपनी सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम में उपस्थित नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, हेमंत जोशी, शिवचरण मण्ड़लोई, गिरिराज जुलानिया, कुशल कुशवाह ,संजय भावसार, बंकट माहेश्वरी, मुकेश पुष्पद, कमल झावा एवं समस्त परिषद सदस्य , मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा ने सेवानिवृत्त रमेशचंद्र नाथ का साफा पहनाकर, शाल श्रीफल द्वारा सम्मानित किया गया।

**नामदेव महाराज की जयंती पर हुए आयोजन**

## संत शिरोमणी की जयंती पर निकला भव्य चल समारोह

**ब्यावरा।** संत शिरोमणी नामदेव महाराज जयंती महोत्सव नगर में देवउठनी ग्यारस के पावन अवसर पर भक्तिभाव के साथ मनाया गया। नामदेव समाज विकास परिषद के तत्वावधान में संत शिरोमणी नामदेव महाराज जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला से ढोल-ढमाके, जयकारों के साथ चल समारोह प्रारंभ हुआ जो पीपल चौराहा, मैन मार्केट, जगात चैक से होते हुए सिविल अस्पताल रोड स्थित गंगा मंदिर पहुंचा जहां पूजा-अर्चना, महाआरती की गई। खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। गंगा मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा डा. मुकेश मारु के नेतृत्व में समाज बंधुओं का स्वागत किया गया।




स्थान-स्थान पर हुआ स्वागत। अग्रवाल समाज की और से शुभम भोजनालय के यहां, हरिओम जनरल स्टोर्स पर दीपक नामदेव, राजू चौरसिया, गोपाल बड़ोने, रमेशचंद्र नामदेव, पवन नामदेव कपड़े वाले, पंकज सोनी, एडव्होकेट प्रवीण नामदेव, संजय अग्रवाल, गोपाल बादशाह, पार्षद पूजा बड़ोने, रवि बड़ोने, ब्रजमोहन शर्मा, मनोज भारद्धाज, हरिओम कुशवाह द्वारा पुष्पवर्षा, स्वल्पाहार द्वारा स्वागत किया गया। समाज अध्यक्ष कैलाश नामदेव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व नपाध्यक्ष राधाकृष्ण बड़ोने, रमेशचंद्र नामदेव, गौरीशंकर नामदेव, मोहनलाल टेलर, जगदीश नामदेव, श्याम सुंदर, सत्यनारायण, पुरुषोत्तम, मांगीलाल, रामबाबू, पवन, गब्बर, ओमप्रकाश, विष्णु बड़ोने, बापूलाल, जगन्नाथ, गोपाल, राजेन्द्र, घनश्याम, हरिओम, महेन्द्र, शैलेन्द्र सहित बड़ी समाज के पुरुष, युवा, बच्चे एवं महिलाएं उपस्थित रहे।

**सीएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने निर्देश**

## निरीक्षण: उप स्वास्थ्य केंद्रों में ताले, खड़े मिले निजी वाहन

### सीएमएचओ के औचक निरीक्षण में नजर आई लापरवाहियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में स्वास्थ्य सेवाएं भगवान भरोसे ही चल रही हैं। शहरी क्षेत्रों की स्थिति तो फिर भी ठीक है लेकिन ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों के हालात तो बद से बदतर नजर आ रहे हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों के संचालन की हकीकत जानने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने कुछ केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण के दौरान जब सीएमएचओ मोतीपुरा खाती गांव के केंद्र पहुंचीं तो न केवल वहां ताला लगा पाया गया बल्कि किसी स्थानीय ग्रामीण का निजी वाहन भी केंद्र परिसर में रखा हुआ मिला।




इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ डॉ. पटेल ने पहले उक्त निजी वाहन को केंद्र से हटवाया एवं राजगढ़ ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को यहां पदस्थ सीएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के तल्ख निर्देश प्रदान किए।

### फूलखेड़ी का केंद्र भी मिला बंद

मोतीपुरा खाती केंद्र के निरीक्षण उपरान्त जब सीएमएचओ डॉ. पटेल फूलखेड़ी उप-स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं तो वहां भी उन्हें ताला लटका हुआ मिला। ड्यूटी समय में मौके से नदारत फूलखेड़ी सीएचओ को भी कारण बताओ सूचना पत्र दिए जाने के निर्देश सीएमएचओ द्वारा प्रदान किए गए। उल्लेखनीय है कि गत 25 अक्टूबर को जब डीसीएम सुनील वर्मा ने उप-स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया था तब भी फूलखेड़ी एवं फत्तूखेड़ी के केंद्रों में ताले लगे हुए मिले थे।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई



**जीरापुर।** शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती मनाई। भारत के एकीकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमिका विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अनुपम आचार्य ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर बताया कि भारत के एकीकरण में उना योगदान भुलाया नहीं जा सकता है। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी कपिल वैष्णव द्वारा शपथ दिलाई डॉक्यूमेंट्री फिल्म को प्रदर्शित किया। उपरोक्त कार्यक्रम में ग्रंथपाल पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, डॉ ओपी गुप्ता, डॉ ललित कुमार शर्मा, डॉ महेश नरवरिया, डॉ सचिन शर्मा, डॉ मनोहर परमार, डॉ कमल सिंह अहिरवार, डॉ रीना पाटीदार, डॉ रश्मि सोनी, इंदर सिंह गुर्जर सहित महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन प्रो. दिनेश दांगी ने किया।

## 50 हजार रुपए की ठगी का शिकार हुए पेंशनधारी मास्टर





**कुरावर।** शनिवार सुबह नगर में एक पेंशनधारी मास्टर ठगी का शिकार हो गए। मामले में पुलिस ने आवेदन लेकर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रिटायर्ड पेंशनधारी बाबूलाल शर्मा सुबह 11 बजे नगर के मुख्य मार्ग स्थित बैंक ऑफ इंडिया से 50 हजार रूपए निकलकर घर की तरफ चले ही थे कि पुलिया के पास मोटरसाइकिल से आऐ दो अज्ञात आरोपितों ने बाबूलाल को बोला की हम आपके घर से चाय पीकर आ रहे हैं। आपके बोड़ा वाले जमाई ने पैसे मंगवाए हैं तथा उन्होंने यह भी बताया की हम आपके जमाई के घर के सामने रहते हैं आप पैसे दे दो। बाबूलाल ने बिना कुछ समझे उनको 50 हजार की गड्डी पीछे बैठे व्यक्ति को थमा दी। पैसे लेते ही ठगों ने बाबूलाल से कहा आप चले हम टप्पे से होकर घर आते हैं। जब घर पर कोई नहीं दिखा तो बाबूलाल ने अपने पौते को पूरी घटना बताई और ठगों की खोजबीन की। अंततः थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने आवेदन लेकर जांच में ले लिया।

## ग्राम जामनेर में सुंदरकांड के साथ श्याम भजन से गूंजा पांडाल

**शुजालपुर।** शनिवार को ग्राम जामनेर के साढ़े बारह हनुमान मंदिरों पर हो रहे कार्यक्रम के चौथे शनिवार को नर्सरी के सामने देववकील धाकड़ पटेल के खेत में दीपड़ा वाले हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड कार्यक्रम व खाटू श्याम का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस दौरान भजन गायक हरीश सोनी के भजनों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मप्र अधिवक्ता मंच प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र सक्सेना, एड्वोकेट ईश्वरसिंह उमठ, एडवोकेट मांगीलाल मालवीय आदि शामिल हुए।

वक्ताओं ने जय सीताराम सुंदरकांड मंडली और हरीश सोनी तथा एडवोकेट अमित मालवीय के प्रयास को सराहा। अब तक चार हनुमान मंदिरों पर यह कार्यक्रम संपन्न हो गए हैं। कार्यक्रम में सहयोग करने पर देववकील धाकड़ पटेल, लक्ष्मीनारायण धाकड़ दिल्ली दरबार, अमरीश पुरी गोस्वामी, कैलाश धाकड़ ढाबा संचालक, प्रवीण विश्वकर्मा, राधु पटेल, विष्णु धाकड़, मंगलसिंह, छगनलाल धाकड़, गुलाब धाकड़ आदि ने आभार माना।



## देवउठनी ग्यारस पर हुई पूजा-अर्चना

**नरसिंहगढ़।** उठो देव सांवला बोर फली आंवला की गूंज के साथ देव उठ गए। इस अवसर पर घर-घर भगवान सालगराम की पूजा की गई। घरों की छतों एवं आंगन में गन्ने का मंडप बनाकर सजाया गया। शुभ मुहूर्त में लोगों ने भगवान श्री हरि का पञ्चामृत से पूजा कर आरती उतारी एवं हाथ में बोर, फली, आंवला लेकर मंडप की परिकमा कर अपने देव को उठाया। इसी के साथ चार माह से विश्राम करने गए देव संसार का संचालन करने आ गए। इसी के साथ शुभ कार्य का भी प्रारंभ हो गया। आज से ही विवाह, गृह प्रवेष आदि शुभ कार्य शुरू हुए।



### महिलाओं ने पारंपरिक मांडने बनाकर सजाया मंडप

देवउठनी ग्यारस के शुभ अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रंगोली और मांडनों से मंदिर परिसर एवं विवाह मंडप को आकर्षक रूप से सजाया। सुबह से ही महिलाएं समूह बनाकर धार्मिक गीतों के साथ तैयारियों में जुटी रहीं। पीले-लाल प्राकृतिक रंगों से तैयार मांडनों में भारतीय परंपरा व लोकसंस्कृति की झलक दिखाई दी। तुलसी विवाह के लिए बनाए गए मंडप को फूल-मालाओं, दीपों और अशोक-पतों से सजाया गया, जिससे पूजा स्थल और भी भव्य नजर आया।

### शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ममता खोइया ने की। उन्होंने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेता रहे तथा खेड़ा और बारडोली सत्याग्रह में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही।

### भारत आत्म निर्भर संकल्प अभियान अंतर्गत विधानसभा सम्मेलन आयोजित

# दीपावली मंगल मिलन समारोह में स्वदेशी अपनाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्म निर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश व्यापी आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत कालापीपल विधानसभा के भेसायगढ़ा मे दीपावली मंगल मिलन समारोह का आयोजन। दीपावली मंगल मिलन कार्यक्रम का आयोजन देवनारायण भगवान की राडी मे क्षेत्रीय विधायक घनश्याम चंद्रवंशी द्वारा दिपावली मंगल मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया।

इसमें मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री सहित जिले भर के जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर भगवान देवनारायण का पूजन के साथ त्रिवेणी पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की जिसमें विधायक घनश्याम चंद्रवंशी द्वारा स्वदेशी अपनाओ के साथ दोने पत्तल से लेकर खाद्य सामग्री तक स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग कर सभी से अपील की




स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ सिंगल युज पन्नी प्लास्टिक मुक्त प्रदेश बनाने की अपील की वहीं विधायक घनश्याम चंद्रवंशी द्वारा सभी मंचासीन महंतों व जनप्रतिनिधियों एवं सभी पत्रकारों का शाल श्रीफल से स्वागत कर दिपावली की शुभकामनाएं दी

महंत शंकरगिरी महराज वाराणसी के साथ सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि वरिष्ठ, युवा पुरुष, महिला कार्यकर्ता के साथ हजारो कायकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा आयुष मंत्री इंदर सिह परमार ने कहा हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्म निर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। जिससें आज हमें स्वदेशी का संकल्प लेना है स्वदेशी केवल आर्थिक क्षेत्र में ही नहीं यह हमारी संस्कृति और आत्मा का हिस्सा है। हम विदेशी वस्तुओं के पीछे भागने की बजाय स्वदेशी अपनाए आज इस पूरे हजारो नागरिको के कार्यक्रम मे स्वदेशी वस्तुओ का उपयोग किया गया दुनिया में योग, आयुर्वेद, शिल्प परंपरा उद्योग यह सब आज बेसिक पहचान बन चुके हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के आत्म निर्भर भारत के आवाहन मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, जैसे अभियान इसी विरासत को आगे बढ़ा रहें हैं। जो हमें आत्म निर्भरता के साथ भारत को ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। आज भारतीय जनता पार्टी सरकार इसी मंत्र के चलते स्वदेशी को बढ़ावा दे रही है। विधायक चन्द्रवंशी ने सम्मेलन में मौजूद कार्यकर्ताओं को स्वदेशी अपनाने के लिए संकल्प दिलाया।

### मोबाइल कोर्ट से आवेदक को भूमि पर मिला कब्जा

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भूमि विवाद संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील राघौगढ़ अंतर्गत ग्राम बदरपुर में शनिवार को कब्ज़ा सबंधी विवाद का निराकरण कर आवेदक को कब्ज़ा सौंपा गया। न्यायालय तहसीलदार राघौगढ़ के प्रकरण में ग्राम बदरपुर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 36/2 रकबा 0.200 हेक्टेयर पर से अनावेदक हनुमतसिंह लोधा पुत्र किशन लोधा का अवैध कब्ज़ा हटाया जाकर आवेदक फूलसिंह पुत्र जगन्नाथ जाति गाडरी को कब्ज़ा दिलाये जाने के लिये निवेदन किया गया था। इस सबंध में तहसीलदार तहसील राघौगढ़ शअनुराग जैन के नेतृत्व में गठित राजस्व दल द्वारा मौके पर जाकर अनावेदक हनुमतसिंह लोधा पुत्र श्रीकिशन लोधा का अवैध कब्ज़ा हटाकर आवेदक फूलसिंह पुत्र जगन्नाथ जाति गाडरी को कब्ज़ा सौंपा।

## खबर संक्षेप

### सिंधी कॉलोनी मैदान पर भागवत कथा आयोजन, आज होगी बैठक

**सीहोर।** शिव शक्ति संस्कृतिक मंडल सीहोर के द्वारा इंग्लिश पूरा वार्ड नंबर 6 सिंधी कॉलोनी भगवान झूलेलाल मंदिर के सामने मैदान पर आगामी 14 से 20 दिसंबर तक संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। श्री मद भागवत कथा आयोजन की तैयारी को लेकर सोमवार दोपहर 1 बजे भोपाल नाका स्थित कार्य मंगलम मैरिज गार्डन में मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया है । शिव शक्ति संस्कृतिक मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं को प्रसिद्ध कथा व्यास सुश्री प्रज्ञा विष्णु प्रिया जी के द्वारा अपनी मधुर वाणी में प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा मधुर संगीतमय भजनों के साथ श्रवण कराई जाएगी। श्रीमद् भागवत कथा समापन के दूसरे दिन प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा के द्वारा अपने भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन की तैयारी को लेकर 3 नवंबर सोमवार दोपहर 1 बजे कार्य मंगलम भोपाल नाका मैरिज गार्डन में बैठक का आयोजन किया गया है बैठक में आयोजन को लेकर विशेष चर्चा की जाएगी और विभिन्न दायित्व प्रदान किए जाएंगे। समस्त श्रद्धालुओं नागरिकों को बैठक में सादर आमंत्रित किया गया है। आयोजित होने वाली भागवत कथा को लेकर समिति ने अपनी तैयारिया भी शुरू कर दी है।

### अयोध्या के श्री राम मंदिर की तर्ज पर बनेगा आष्टा का प्राचीन श्रीराम मंदिर

# वर्षों के बाद होगा राम मंदिर का निर्माण समाजजनों ने बढ़ाए दान के लिए हाथ

**प्राचीन श्रीराम मंदिर, हुआ भूमिपूजन, नागरिकों में देखने को मिला अति उत्साह।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नगर के हृदय स्थल बुधवारा में स्थित श्री राम मंदिर जो की जिर्ण छिर्ण अवस्था में हो चुका था, शनिवार को नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में एवं नगर के गौरव श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी दीपक दास जी महाराज व पंच परमेश्वर सत्यनारायण कामरिया, शेषनारायण मुकाती, प्रेम नारायण शर्मा, हरि नारायण शर्मा, मनोहर साहू, गोपाल ताम्रकार, भवानी शंकर शर्मा की उपस्थिति में श्री राम मंदिर समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोविंद सोनी के नेतृत्व में भूमि पूजन किया गया। जिसे नगर पुरोहित दीपेश जी पाठक द्वारा संपन्न करवाया गया। तत्पश्चात नगर के गणमान्य नागरिकों में अति उत्साह देखने को मिला एवं लाखों रुपए की मंदिर निर्माण हेतु घोषणा की गई, जिसमें मंदिर के अध्यक्ष गोविंद सोनी द्वारा 11 लाख 51 000 रुपए व स्वर्गीय मांगीलाल साहू के सुपुत्र राजकुमार साहू व जितेंद्र साहू द्वारा 11 लाख 51000 की घोषणा, रुपेश राठौर द्वारा 2 लाख 51000 की घोषणा, दिनेश सोनी, माखनलाल सोनी शीतला माता मंदिर समिति के अध्यक्ष द्वारा 5 लाख 51000 की घोषणा, देवकरण पहलवान द्वारा 51000 सत्यनारायण कमरिया मानस भवन समिति अध्यक्ष 51000, राकेश सुराणा 21000, पंकज नाकोड़ा 1, 51000, संजय छाजेड चेतन की छाजेड द्वारा एक ट्राला सीमेंट की बोरी ऐसे अन्य कई अनगिनत नागरिकों ने निर्माण हेतु बढ़-चढ़कर मंदिर का निर्माण पूर्ण करने हेतु घोषणा की। इस अवसर पर श्री राम मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष नितिन जी भट्ट भी उपस्थित रहे। सभी ने अंतिम में आरती श्री रामचंद्र जी की आरती में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।



# श्मशान की भूमि पर किया अतिक्रमण, रोकी शव यात्रा

**ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने दिया ज्ञापन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर थाना क्षेत्र के ग्राम खटसुरा से सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसकी अर्थी को रास्ते में रोक दिया।

आरोप है कि ग्राम के ही व्यक्ति ने श्मशान मार्ग पर कब्जा कर अर्थी को रोक दिया। मामला बढ़ता देख थाना प्रभारी नीता देअरवाल और तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा मौके पर पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारी की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार। प्रशासन की समझाईस के बाद ग्रामवासी पहुंचे तहसील और थाने पहुंचकर ज्ञापन दिया। तहसीलदार ने बताया कि यह श्मशान का रास्ता वर्षों पुराना पारंपरिक मार्ग है, पूरे गांव के लोग इसी रास्ते से आते-जाते हैं। हमारी मौजूदगी में रास्ता खुलवाया गया और अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया। गांव में इस घटना से लोगों में आक्रोश है। ग्राम खटसूरा के निवासी तहसील पहुंच तहसीलदार व थाना प्रभारी को श्मशान के रास्ते के अतिक्रमण को मुक्त कराने हेतु ज्ञापन दिया। ग्राम पंचायत खटसूरा में शासकीय भुमि है जहा शमशान कि भूमि पर ग्राम के निवासी हरनाथ पिता सेवाराम के द्वारा अतिक्रमण करने का आरोप लगाया।

निवासियों ने बताया की वर्तमान में श्मशान पर जाने के परपंरागत रास्ते पर भी अतिक्रमण कर लिया। उक्त रास्ता 40-50 वर्षों से श्मशान पर आने जाने का परमपरागत रास्ते के रुप में उपयोग किया जाता रहा है। वर्तमान में उक्त रास्ते व श्मशान पर अतिक्रमण किया गया। निवासियों ने यह भी आरोप लगाया की रायसिंह पिता कानाजी द्वारा भी अतिक्रमण किया जा रहा है। ग्राम खटसूरा के निवासियों ने यह भी आरोप लगाते बताया की किसी की भी मृत्यु होती है तो वह परिवार सहित धारदार हथियार ले कर आते है और धमकी देते है उक्त ज्ञापन मे ग्रामपंचायत सरपंच सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद थे।

# ग्रीन फील्ड कॉलेज में स्थापना दिवस आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




मध्यप्रदेश की स्थापना दिवस के अवसर पर नगर के ग्रीन फील्ड कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों द्वारा मध्यप्रदेश गान आयोजित कर स्थापना दिवस मनाया गया है। संस्था के डायरेक्टर धर्मेन्द्र गौतम ने बताया कि मध्यप्रदेश की स्थापना 1 नवंबर 1956 को हुई। आज हमारे म.प्र. की स्थापना के 70 वर्ष पूर्ण हुए। मध्य प्रदेश अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व, जैसे कि खजुराहो और सांची के स्तूप, और प्राकृतिक विविधता, जिसमें बांधवगढ़ और कान्हा जैसे राष्ट्रीय उद्यान के लिए प्रसिद्ध है। यह राज्य अपने विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों, पारंपरिक शिल्पों और स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए भी जाना जाता है, और यह भारत में तिलहन, विशेष रूप से सोयाबीन का सबसे बड़ा उत्पादक प्रदेश है। इस अवसर पर समस्त कॉलेज स्टॉफ के साथ संस्था डायरेक्टर ने मध्यप्रदेश की गौरवशाली इतिहास, सांकृतिक विरासत यहाँ की धरोहर से अवगत कराया गया। मध्यप्रदेश के गठन और उसकी जानकारी दी गई। प्रत्येक कक्षाओं मैं सभी प्राध्यापकों के द्वारा पर्यटन संस्कृति के सम्बंध मैं और उसके अत्यधिक महत्व पर पूर्णता से प्रकाश डाला। समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राओं द्वारा भारत माता की जय घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# आष्टा विधायक का मनाया जन्मोत्सव, दिव्यांगों का स्वागत स्वीकार करने मंच से नीचे आए इंजीनियर



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में नगर के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओ ने गोकुलधाम पहुंचकर आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में विधायक का स्वागत सम्माम किया। आयोजित कार्यक्रम में मप्र दिव्यांगजनों के संगठन के सदस्य भी पहुचे। उनका स्वागत स्वीकार करने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर मंच से उतर कर दिव्यांगों के पास पहुंचे ओर स्वागत स्वीकार किया। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का जन्मोत्सवआज आष्टा विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं में उत्साह उमंग के साथ विधायक का जन्मोत्सव मनाया। सुबह आठ बजे बजे विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर अपने जन्मोत्सव पर दिन की शुरुआत सर्वप्रथम मालवीय समाज के राधाकृष्ण मन्दिर, जगदीशवर धाम मंदिर,गणेश मंदिर,शंकर मंदिर पहुंचे। मन्दिर पहुच कर विधायक ने राधा कृष्ण के दर्शन कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने आज अपने दिन की शुरूआत भगवान के विभिन्न मंदिरों राधा कृष्ण मंदिर मालवीय समाज श्री गणेश मंदिर श्री शंकर मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन पूजन पाठ एवं अभिषेक किया शंकर मंदिर में महिला मोर्चा द्वारा महामृत्युंजय जाप का आयोजन किया। जिसमें विधायक गोपाल सिंह शामिल हुए।



शंकर मन्दिर में भगवान भोलेनाथ जी का अभिषेक किया। अभिषेक के पश्चात विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र की जीवनदायिनी माँ पार्वती नदी के घाट पर पहुंचकर मां पार्वती जी का पूजन कर उन्हें चुनरी अर्पित कर आष्टा विधानसभा क्षेत्र ही नहीं पूरे मध्य प्रदेश में सुख शांति समृद्धि की कामना की। पार्वती मैय्या की पूजन के बाद विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर श्री विद्यासागर को संवर्धन केंद्र हकीमाबाद गौशाला पहुंचे जहां पर श्री दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष आनंद जैन के नेतृत्व में विधायक जी का स्वागत और सम्मान किया गया यहां पर विधायक जी ने अपने जन्मोत्सव पर गौ माता का पूजन कर उन्हें गो ग्रास गुण व अन्य सामग्री खिलाकर उनका भी आशीर्वाद लिया । इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती की मांग पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने गौशाला में गर्मी के दौरान उत्पन्न होने वाले जल संकट से निपटने के लिए एक पानी का टैंकर देने की भी घोषणा की। यहां के बाद विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का बायपास चौराहा, चौपाटी, अलीपुर, जनपद चौराहा, रेस्ट हाउस चौराहा, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, सिविल अस्पताल में रोगी कल्याण समिति, बस स्टैंड पर होटल व्यापारी संघ, मुकाती की बावड़ी पर, पार्षद लता मुकाती की ओर से, कॉलोनी चौराहे पर पार्षद रवि शर्मा के नेतृत्व में,वार्ड 15 के पार्षद तेजसिंह राठौर द्वारा स्वागत, मालवीय समाज द्वारा, बलवीर ठाकुर, प्रदीप धाड़ीवाल द्वारा, मेवाडा खाद भंडार द्वारा, अलीपुर भाजपा कार्यकर्ताओं, गैलेक्सी रेसीडेंसी, पांचाल समाज, आयोजित स्वागत सम्मान किया गया। जन्मोत्सव पर शिवालय हॉस्पिटल की ओर से भी विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा स्वागत और सम्मान किया गया। विधायक के जन्मोत्सव पर आज पूरा नगर बधाई के फ्लैक्स, होर्डिंग्स, से सजाया गया था। नगर में स्वागत और सम्मान के पश्चात विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर मित्र मंडली द्वारा जन्मोत्सव कार्यक्रम का गोकुलधाम गार्डन में आयोजन किया गया। यहां पर प्रात 12 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक जन्मोत्सव का कार्यक्रम चला। जिसमें आष्टा विधानसभा क्षेत्र ही नहीं वरन आसपास के जिलों से भी सैकड़ो की तादाद में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि पहुंचे और उन्होंने विधायक जी का स्वागत सम्मान किया। सीहोर से महामंडलेश्वर अजय पुरोहित भी विधायक को आशीर्वाद देने आष्टा पहुंचे। जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, पूर्व जिला अध्यक्ष रघुनाथ सिंह भाटी, रवि मालवीय, सीहोर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर,देवास जिला भाजपा अध्यक्ष रायसिंग सेंधव, धाम सरकार, देवन खेड़ी घड़ी धाम के बाबा साहब, कबीरपंथी समाज के समाज बंधु सहित अन्य संगठनों के प्रतिनिधि मंडलों ने गोकुलधाम पहुंचकर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का स्वागत सम्मान कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# नगर में हुआ तुलसी विवाह का कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नगर मे विगत 21 अक्टूबर से माता तुलसी व भगवान शालिग्राम ग्राम के विवाह की तैयारियां जोरों शोरों से चल रही थी जिसमें तुलसी माता की खानमिट्टी पूजा, हल्दी, मेहंदी, महिला संगीत, व माता तुलसी व भगवान शालिग्राम के शुभ लग्न विधि विधान से संपन्न हुए, जिसमें क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, देव बाबा लाखन सहित नगर के गणमान्य नागरिक व सभी नगरवासी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए देवउठनी ग्यारस के दिन माता तुलसी व भगवान शालिग्राम का विवाह रीति-रीवाज से संपन्न हुआ व नगर के वार्ड क्रमांक 3 स्थित रविदास समाज धर्मशाला से माता तुलसी की विदाई हुई, जिसको लेकर समस्त परिहार परिवार जावर द्वारा क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, देव बाबा लाखन, नगर के सभी गणमान्य नागरिक व समस्त नगर वासियों का हृदय से आभार माना है।

# तुलसी विवाह आयोजन में शामिल हुए विहिप कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




देव उठनी ग्यारस पर तुलसी विवाह संपन्न हुआ ,अनाज मंडी जावर से शिव मंदिर थाना जावर तक भगवान शालिग्राम जी की बारात बहुत ही धूमधाम से निकली, शिव मंदिर जावर थाना क्षेत्र में पहुंचने पर कन्या पक्ष की तरफ से विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने सभी बारातियों का एवं दूल्हा बने शालिग्राम जी भगवान का बड़े ही धूमधाम से स्वागत वंदन अभिनंदन किया, पुष्प वर्षा की भगवा वस्त्र एवं साफा पहना कर सभी का स्वागत किया गया, भगवान झूलेलाल को पीतांबर वस्त्र भेंट किया गया एवं सभी बारातियों को चाय नाश्ता करवाकर संपन्न हुआ, विश्व हिंदू परिषद के समरसता प्रमुख सुनार सिंह ठाकुर ने बताया की विश्व हिंदू परिषद के सभी जिले एवं प्रांत के पदाधिकारी की उपस्थिति में समरसता का भाव लेकर सभी समाज जनों की उपस्थिति रही जिले से जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज ठाकुर ,जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश ठाकुर ,जावर प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर ,प्रखंड उपाध्यक्ष बलवान सिंह, मंत्री यशवंत सिंह, संयोजक अंकुर बिल्लौर ,गौरक्षा प्रमुख मनोहर सिंह ठाकुर ,अर्जुन सिंह राणा की उपस्थिति में सभी बारातियों का भव्य स्वागत किया गया पुष्प वर्षा कर, प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ने सभी का आभार माना।

# राजस्व और खाद्य विभाग के संयुक्त दल ने कार्रवाई कर 19 घरेलू सिलेंडर किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश अहिरवार ने बताया कि घरेलू गैस सिलेण्डरों का दुरूपयोग रोकने हेतु राजस्व एवं खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल ने सोनकच्छ में पुराने बायपास रोड स्थित अम्बाराम मिस्त्री के मकान में संचालित दुकान की जांच की। जांच समय उपस्थित आयुष पिता राजू गुप्ता निवासी मोदी कोलोनी सोनकच्छ द्वारा बताया गया कि का संचालन तैयब अली पिता हैदर अली द्वारा किया जाता है।

जांच के दौरान दुकान में अवैध रूप से संग्रहित 19 घरेलू गैस सिलेण्डर बीपीसीएल कंपनी के (7 भरे 12 खाली) रखे पाए गए। दुकान में 1 विद्युत चलित गैस अंतरण मशीन जो कि एक पाईप के माध्यम से गैस रेग्यूलेटर से संबंद्ध होकर खरी पाई गई, जिसका उपयोग गैस सिलेण्डरों में भरी गैस को वाहनों के टैंक में गैस अंतरित करने हेतु उपयोग किया जाना आयुष पिता राजू गुप्ता स्वीकार किया गया है। जांच के दौरान तैयब अली भी मौके पर उपस्थित हुआ। जांच दल द्वारा दुकान में पाये गये 19 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं 1 गैस रिफिलिंग मशीन को जब्त कर जप्ती पत्रक तैयार किया गया। जब्त सामग्री की कुल कीमत 49 हजार 974 रूपये है। मौके से जप्त 19 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं 1 विद्युत चलित गैस रिफिलिंग मशीन मय पाईप को अन्नपूर्णा गैस एजेन्सी सोनकच्छ की सुपुर्दगी में दिये गये। कार्यवाही में तहसीलदार सोनकच्छ ज्योति जाटव, नायब तहसीलदार सोनकच्छ कपिल गुर्जर एवं सहायक आपूर्ति अधिकारी सोनकच्छ धर्मेन्द्र वर्मा शामिल रहे।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद आष्टा
## जिला - सीहोर, म.प्र.

कमांक/1448/ई-टेण्डरिंग/तक. शा./न.पा./2025 आष्टा दिनांक 31/10/2025

:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::

एतद् द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑनलाईन टेंडर नं. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_460157_1 | पार्वती नदी बैराज में भंडारित पानी की सर्चिंग कार्य हेतु 10 श्रमिक लगाए जाने का कार्य । | नवम्बर से जून 2026 तक 15.00 लाख | 3000/- 10000/- | 29.11.2025 सांय 17.30 बजे तक |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। जी.एस.टी. का भुगतान पृथक से देय नहीं होगा।

विनोद कुमार प्रजापति, मुख्य न. पा. अधिकारी, न.पा.प. आष्टा
डॉ. सलीम, प्रभारी, जल विभाग, न.पा.प. आष्टा
सिद्धीका बी भूरू भाई, उपाध्यक्ष, न.पा.प. आष्टा
हेमकुंवर राय सिंह मेवाडा, अध्यक्ष, न.पा.प. आष्टा